वस्त्र मंत्रालय का संगठन और संगठन का चार्ट

वस्त्र मंत्रालय का संक्षिप्त इतिहास

वर्ष 1976 से पहले कोई स्वतंत्र वस्त्र मंत्रालय विभाग नहीं था। वस्त्र उद्योग से संबंधित कार्य वाणिज्य मंत्रालय में निर्यात संवर्धन विभाग में देखा जा रहा था। सरकार के स्तर पर वस्त्र उद्योग के विकास पर एकनिष्ठ ध्यान देने हेतु आवश्यक संस्थागत ढांचे की व्यवस्था करने के लिए मार्च 1976 में वाणिज्य मंत्रालय में सचिव के स्वतंत्र प्रभार के तहत एक पूर्ण वस्त्र विभाग बनाया गया। यह व्यवस्था नवंबर, 1977 तक जारी रही। इसके बाद, वस्त्र उद्योग के विकास भाग से संबंधित कार्य उद्योग मंत्रालय (उद्योग विकास विभाग) को हस्तांतरित कर दिए गए, और वस्त्र निर्यात से संबंधित कार्य वाणिज्य मंत्रालय में बनाए रखा गया। इस प्रकार 1976 में स्थापित वस्त्र विभाग, दिसंबर, 1977 से अस्तित्व में नहीं रहा। तथापि वस्त्र विभाग का अप्रैल 1980 में पुनरूद्धार किया गया था। वस्त्र उद्योग के विकास से संबंधित कार्य फिर से उद्योग मंत्रालय से वाणिज्य मंत्रालय में स्थानांतरित कर दिए गए थे। 15 नवंबर , 1985 को एक स्वतंत्र वस्त्र मंत्रालय स्थापित किया गया।